pan>

Title: Regarding need to accord environmental clearance to Kanera Irrigation Project in Bhind district of Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : मध्य प्रदेश में भिण्ड जिले के चम्बल-बीहड़ के सूखे क्षेत्र में कृÂिा सिंचाई के लिए वÂाऩ 1980 में कनेरा उदवहन सिंचाई योजना शुरू की गई थी। उस समय यह कार्य पूरा नहीं हो सका। वÂाऩ 2007 में किसानों की मांग तथा क्षेत्र की महती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस योजना को पूरा करने हेतु ठोस प्रयास किये। लगभग 40 करोड़ रूपए से ऊपर का इसमें अब तक व्यय किया जा चुका है।

चम्बल पर बनने वाली इस योजना के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति द्वारा नदी में घड़ियाल परियोजना के कारण अब तक पर्यावरण की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। परिणामस्वरूप भिण्ड जिले की जनता में घोर आक्रोश है।

अतः भारत सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री से अनुरोध है कि भारत सरकार की ओर से पहल कर इस महत्वपूर्ण योजना की स्वीकृति दिलायें, जिससे अटर क्षेत्र की जीवनरेखा कनेरा उदवहन सिंचाई योजना को शीघ्र पूरा किया जा सके। इस योजना से पूरा क्षेत्र लाभांवित होगा तथा बीहड़ का भी सदुपयोग किया जा सकेगा।